# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

क्रमांक : प.नि./उपाधि/2015/ दिनांक :

समस्त प्राचार्य,
सम्बद्ध एवं संघठक महाविद्यालय,
राजस्थान विश्वविद्यालय,
जयपुर।

महोदय/महोदया,

राजस्थान विश्वविद्यालय की सत्र 1992 से 2014 की लम्बित उपाधियॉ प्रकाशित हो चुकी है। आपके महाविद्यालय की इन वर्षों से संबन्धित डिग्रियां आपके महाविद्यालय के लिये निर्धारित किये गये नजदीकी राजकीय महाविद्यालय पर प्रदर्शित सूची के अनुसार भिजवायी गई है। 7 जुलाई, 2015 प्रातः 11 बजे इन नोडल केन्द्रों पर एक दीक्षान्त समारोह जिसमें आपके क्षेत्र के संबघित सम्माननीय व्यक्तियों का आथित्य होगा आयोजित कर छात्रों को उनकी डिग्रियां प्रदान की जायेगी। अतः 7 जुलाई, 2015 से पूर्व आपके महाविद्यालय के निर्धारित किये गये नोडल केन्द्र के ऑफिस से सम्पर्क स्थापित करें व संबंधित छात्रों को भी इस संबंध में सूचना दे। नोडल ऑफिस के द्वारा प्रत्येक छात्र की डिग्री को सत्यापित करने के निर्देश दिये गये हैं। इस सत्यापन की प्रक्रिया में प्रत्येक छात्र को अपनी मूल अंक-तालिका के साथ निर्धारित मूल पहचान पत्र जिसमें आधार कार्ड, पास-पोर्ट, लाइसेन्स व राशन कार्ड इत्यादि शामिल है, प्रस्तुत करना होगा। छात्र की प्रकाशित डिग्री में यदि किसी तरह की कोई त्रुटि है तो वह डिग्री नोडल ऑफिस के द्वारा विश्वविद्यालय को एक निर्धारित प्रारूप में पुनः भेजी जायेगी व सही रूप से डिग्री का प्रकाशन कर छात्र को पुनः प्रदान की जायेगी। इस संबंध में आप नोडल केन्द्र ऑफिस से सक्रिय सम्पर्क रखे व विश्वविद्यालय वेबसाइट पर इस संबंध में जारी होने वाली सूचना के अनुसार कार्यवाही निश्चित करें। किसी भी तरह की जानकारी कि लिए आप विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के दूरभाष नं. 0141-2708824 पर सम्पर्क कर सकते है।

सधन्यवाद,

भवदीय,
20/6/15
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : प.नि./उपाधि/2015/ 1523 - 2723 दिनांक : 20-6-15

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:**

1. निदेशक, इन्फोनेट सेन्टर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि इस पत्र को विश्वविद्यालय की वैब साईट पर प्रदर्शित करने का श्रम करें।
2. प्रशासनिक सचिव कुलपति, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
3. निजि सचिव, कुलपति/कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
4. अनुभागाधिकारी, परीक्षा संचालन IV A व B / V A व B / उपाधि अनुभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

20/6
सहायक कुलसचिव